ओडिशा द्वारा प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के लिये एमओयू पर हस्ताक्षर

संदर्भ

हाल ही में ओडिशा सरकार ने राज्य में आपदा के प्रभावी प्रबंधन के लिये प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (Early Warning System) को बढ़ावा देने के लिये थाईलैंड स्थित रीज़नल इंटीग्रेटेड मल्टी-हैजार्ड अर्ली वार्निंग सिस्टम (Regional Integrated Multi-hazard Early Warning System-RIMES) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MOU) पर हस्ताक्षर किये हैं| यह सहयोगपूर्ण प्रयास बाढ़, सूखा, हीट वेव, बिजली और सड़क दुर्घटनाओं जैसे सभी प्रकार की आपदाओं के प्रभावी प्रबंधन के लिये प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली विकसित करेगा|

सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म

- भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) से प्राप्त मौसम और जलवायु संबंधी जानकारी का उपयोग करते हुए ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म और सार्वजनिक डोमेन डेटा सेट तैयार करने के प्रयास किये जाएंगे।
- समझौता ज्ञापन OSDMA के संचालन में जोखिम आधारित प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली "क्या मौसम करेगा" से "क्या मौसम होगा" में परिवर्तित हो सकता है।
- समझौता ज्ञापन राज्य को ओडिशा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (OSDMA) के साथ 48 RIMES सदस्य देशों सहित नई पीढ़ी के डिजिटल एल्गोरिदम (algorithm) आधारित प्रौद्योगिकियों और सर्वोत्तम प्रथाओं को एकीकृत करने में मदद करेगा|

शुरुआत में 5 साल के लिये

- प्रारंभ में यह समझौता पाँच साल के लिये लागू होगा जिसपर 8 करोड़ रुपए की लागत आएगी|
- राज्य सरकार ने किसानों के सशक्तीकरण के लिये तीन अन्य एमओयू पर भी हस्ताक्षर किये हैं।
- किसानों की आय दोगुना करने के लक्ष्य के साथ किये गए इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य अगले तीन वर्ष के दौरान नौ ज़िलों में दो लाख छोटे और सीमांत किसानों की सहायता करना है|

नई तकनीकें

- राज्य सरकार ने सभी ज़िलों में स्थित ग्रामीण संस्थानों और स्थानीय संघों के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों और जल निकायों को बहाल करने का भी प्रयास किया है।
- एक अन्य समझौता ज्ञापन किसानों को कठिन श्रम से निजात दिलाने के लिये नई प्रौद्योगिकियों के नवोन्मेष का इरादा रखता है।
- उम्मीद है कि ये सभी कार्यक्रम पारिस्थितिकि रूप से बेहतर कृषि प्रथाओं और जल प्रबंधन को बढ़ावा देंगे, उत्पादन की लागत को कम करेंगे, उत्पादकता में वृद्धि और मूल्य प्राप्ति को बढ़ावा देंगे तथा ज़मीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देंगे|
- RIMES और OSDMA सहयोग आपदा जोखिम न्यूनीकरण 2015-2030 के लिये सेंडाई फ्रेमवर्क में व्यक्त किये गए प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों की उपलब्धता और पहुँच को बढ़ाने हेतु लक्षित वैश्विक प्रयासों में योगदान देगा।

RIMES के बारे में

- आरआईएमईएस संयुक्त राष्ट्र द्वारा पंजीकृत अंतर्राष्ट्रीय और अंतर-सरकारी संस्थान है, जिसका स्वामित्व और प्रबंधन 48 सदस्यों और सहयोगी राज्यों द्वारा उत्पादन क्षमता निर्माण और उपयोगकर्त्ता द्वारा प्रासंगिक प्रारंभिक चेतावनी सूचना के उपयोग के लिये किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/odisha-signs-mou-for-early-warning-system